Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advrtising**
Plot no,516. sector-12 friends co-operative society vasundhara ghaziabad
**Mo. 8130640000**

Year-14 issue- 14
RNI.NoUPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473


29 August to 04 September 2022
Postal Registration No.UP/GZB- 80/2016-18
Mo.9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

**Page 02** नई तकनीक के जरिए स्मार्ट शहरों




**Page 05** मंत्रोच्चारण के साथ गणपति बप्पा को



**Page 08** ग्रेटर नोएडा में रोटरी क्लब और RHAM



## TIRUPATIEYE

### अक्तूबर तक तय होगा रैपिड रेल का किराया

**टीबीसी न्यूज**। रैपिड रेल के 17 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर मार्च 2023 तक ट्रेन चलनी है। साहिबाबाद से दुहाई के बीच इसका परिचालन होगा। एनसीआरटीसी एमडी ने बताया कि इसके किराए का निर्धारण अक्तूबर तक कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि किराया तय करने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। सार्वजनिक परिवहन में ज्यादा किराया नहीं रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हम किराए के साथ-साथ दूसरे तरीकों से भी राजस्व बढ़ाने में जुटे हैं। इससे लोगों पर ज्यादा भार नहीं आएगा और वे मुनासिब किराए में अपना सफर कर सकेंगे। रैपिड रेल के अलग-अलग स्टेशनों पर इसके लिए योजना तैयार हो रही है। दिल्ली-मेरठ के बीच 2025 तक पूरे रूट पर रैपिड रेल दौड़ाने की तैयारी है। इसी समय तक स्टेशनों की छत पर कमरे भी तैयार कर लिए जाएंगे। ये कमरे आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। ट्रेन परिचालन के साथ यह सुविधाएं भी शुरू हो जाएंगी। वहीं, एनसीआरटीसी के एमडी विनय कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशनों की छत पर कमरे बनाए जाएंगे। बड़ी संख्या में लोग अपने काम के सिलसिले में दिल्ली-एनसीआर आते हैं। छात्र भी अलग-अलग परीक्षाएं देने आते हैं। वे कहीं भी रैपिड ट्रेन के स्टेशनों पर ठहर सकेंगे। नीचे की मंजिलों पर फूड कोर्ट होंगे। इससे उन्हें रहने-खाने की कोई समस्या नहीं होगी।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
**Bureau Cheif**
**12/516, Friends Co-operative Society Vasundhara, Ghaziabad (UP)**
**Mobile + 91 8130640011**
**Email : prateekb@tbcgzb.com**
**www.tbcgzb.com**
**Contact for Press Release and Advertisements**

# RHAM फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेश मिशन और 20 रोटरी क्लबों ने 360 छात्राओं और गरीब बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

## 360 बच्चों को कॉपी पेंसिल व खाने-पीने का सामान मिलने पर खुशी से खिले चेहरे





**गाजियाबाद न्यूज**। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन और अन्य क्लबों ने आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में मंगलवार को साहिबाबाद गांव के कम्पोजिट विद्यालय में कैंप लगाया। इसमें स्कूल की 360 छात्राओं और अन्य गरीब बच्चों को पाठ्य व खाद्य सामग्री बांटी गई । चार-चार रजिस्टर, कॉपी, पेंसिल, रबर, पैंसिल बॉक्स, पानी की बोतल, चिप्स, फ्रूटी और बिस्टिकट पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान छा गई और बच्चों के परिजनों ने भी खुशी जताई।

दरअसल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन और अन्य 20 रोटरी क्लबों ने रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के साथ मिलकर साक्षरता अभियान के अंतर्गत सरकारी स्कूल में शिविर लगाया और बच्चों को निशुल्क खाद्य व पाठ्य सामग्री बांटकर लाभांवित किया। इससे पहले रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रो ललित खन्ना, पीडीजी रो जेके गौड, रो अशोक अग्रवाल और समाजसेवी डॉ धीरज कुमार भार्गव ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की।

डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रो ललित खन्ना ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन ने बहुत बड़े स्तर पर शिविर लगाकर सरकारी स्कूल की छात्राओं और अन्य गरीब बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी है। दोनों संस्थाएं बच्चों को एजुकेशन से जोड़ने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही हैं।

(शेष पेज 8 पर)



### 20 गरीब बच्चों को भी बांटी सामग्री

शिविर में स्कूली छात्राओं के लिए अलावा करीब 20 अन्य गरीब बच्चों को भी पाठ्य व खाद्य सामग्री वितरित की। गरीब बच्चों की मदद पर साहिबाबाद के पार्षद हिमांशु चौधरी ने भी खुशी जताई। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब और आरएचएएम महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी काम कर रहे हैं। अन्य सामाजिक संगठन और संस्थाओं को भी इसी तरह के नेक कार्य करने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में मंच पर मौजूद सभी अतिथियों को तुलसी के पौधे देकर सम्मानित किया

बच्चों को पाठ्य व खादय सामग्री मिलने से उनको मदद मिली है। आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब लगातार समाज हित में काम कर रहे हैं। रोटरी की तरफ से आगे भी गरीब बच्चों के उत्थान के लिए ऐसे अभियान की अपेक्षा है। इन संस्थाओं की जितनी तारीफ की जाए वह कम होगी।



*- रो जेके गौड, पीडीजी, रोटरी क्लब गाजियाबाद*

महिला सशक्तिकरण और गरीब बच्चों के उत्थान के लिए आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन अन्य क्लबों के साथ मिलकर अच्छा काम कर रहे हैं। आरएचएएम फाउंडेशन एजुकेशन और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम कर रहे हैं।



*- रो ललित खन्ना, डीजी रोटरी क्लब गाजियाबाद*

आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन समाज को समर्पित संगठन हैं, इनकी जितनी तारीफ की जाए वह कम होगी। ये संस्था सभी रोटरी क्लबों के सहयोग से स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। आगे भी इसी तरह शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम किया जाएगा।



*- रो ललित खन्ना, डीजी रोटरी क्लब गाजियाबाद*

साहिबाबाद के सरकारी स्कूल में बच्चों को पाठय सामग्री व खादय सामग्री देकर आरएचएएम फाउंडेशन ने सराहनीय काम किया है। आरएचएएम फाउंडेशन व रोटरी क्लब काफी लंबे समय से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं की मदद कर रहे हैं।



*-हिमांशु चौधरी, पार्षद, साहिबाबाद*

# नई तकनीक के जरिए स्मार्ट शहरों में बेहतर होगा नगर निगम

गाजियाबाद। शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए नगर निगम ने नई प्लानिंग की है। इसके तहत इंदौर की भांति कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन स्थापित करने की योजना है। कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनने से गली-मौहल्लों में सड़कों पर जगह-जगह कूड़ा-करकट फैलने की समस्या दूर हो जाएगी। सड़कें पहले से ज्यादा साफ-सुथरी दिखाई देंगी। नई योजना पर गंभीरता से विचार कर इसके क्रियान्वयन पर काम चल रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुछ दिन पहले इंदौर में कूड़ा निस्तारण की तकनीक का अध्ययन कर गाजियाबाद लौटे हैं।




उन्होंने वहां कूड़ा निस्तारण से संबंधित जरूरी प्रक्रिया को बेहतर तरीके से जाना है। इस तकनीक पर अब गाजियाबाद शहर में काम शुरू किया जाना है। मध्य प्रदेश का इंदौर शहर अपनी स्वच्छता एवं खूबसूरती के लिए देशभर में जाना जाता है। इंदौर में विशेष तकनीक अपनाकर साफ-सफाई की जाती है। गाजियाबाद शहर को भी साफ-सुथरा एवं खूबसूरत बनाने के लिए नगरायुक्त महेंद्र सिंह तंवर के नेतृत्व में काम चल रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में नगर निगम ने शहर में कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया है। कूड़ा-करकट का बेहतर तरीके से निस्तारण करने के लिए नंदग्राम में गार्बेज फैक्ट्री संचालित है। इंदिरापुरम कॉलोनी नगर निगम को हैंडओवर होने के बाद वहां भी गार्बेज फैक्ट्री लगाई जाएगी। नगर निगम के सिटी, कविनगर, विजय नगर, मोहन नगर एवं वसुंधरा जोन में कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनाने की प्लानिंग की गई है।

नगरायुक्त महेंद्र सिंह तंवर का कहना है कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर जोनवार 300 मीट्रिक टन क्षमता का अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनाएगा। कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन में कचरा सामने नहीं दिखाई देगा। कूड़ा या तो कांपैक्टिंग मशीनों में डाला जाएगा अथवा अंडरग्राउंड टैंक में रहेगा। वहां से चारों तरफ से बंद कैप्सूल वाहनों में डालकर कूड़े को निस्तारण केंद्र तक पहुंचाया जाएगा।इंदौर में कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन की तकनीकी का कुछ दिन पहले नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार ने जायजा लिया था। नगरायुक्त के निर्देश पर वह इंदौर गए थे। नगर आयुक्त ने बताया कि इंदौर की आधुनिक तकनीक को अब गाजियाबाद शहर में इस्तेमाल किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निगम के सभी पांचों जोन सिटी, कविनगर, वसुंधरा, मोहननगर, विजय नगर जोन में एक-एक कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनाया जाएगा। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने के बाद कूड़ा लाने वाले छोटे वाहन इसमें लाकर कूड़ा डालेंगे। इसके बाद कूड़े को मशीनों के जरिए दबाकर कांपेक्ट किया जाएगा। उसके बाद गाडियों में भरकर कूड़ा निस्तारण केंद्र पर लगे प्लांट तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण पर करीब 5 से 7 करोड़ रुपए खर्च होंगे। पांचों जोन में 30 करोड़ रुपए इन ट्रांसफर स्टेशन पर खर्च होंगे।

# उद्यमियों ने बैठक में रखी समस्याएं, निगम में नहीं हो रही कोई सुनवाई

**गाजियाबाद**। औद्योगिक क्षेत्रों की बेहतर व्यवस्था के लिए बुधवार को नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में उद्योग बंधुओं की बैठक का आयोजन किया गया। औद्योगिक संगठनों के साथ संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। बैठक में औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कई विषय को लेकर नगर आयुक्त के माध्यम से अधिकारियों के समक्ष रखे। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों के निर्माण कार्यों के लिए चर्चा हुई।




जिसमें नगर आयुक्त ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों के रखरखाव के लिए एवं 130 करोड़ के विकास कार्य की डीपीआर सरकार को भेजी गई है। यदि वहां से धन प्राप्त होता है तो धन उपलब्धता के आधार पर लगभग 50 करोड़ रूपया औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण कार्यों में लगाए जाएंगे। जिससे क्षेत्रों की मरम्मत के साथ-साथ एक बेहतर वातावरण औद्योगिक क्षेत्रों को देने की तैयारी चल रही है। जिसके अंतर्गत समस्त औद्योगिक क्षेत्रों के सड़क निर्माण कराए जाएंगे जो कि केवल सीसी रोड के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में एजेंडे के अनुसार स्वदेशी इंडस्ट्रियल एरिया के निर्माण कार्यों के लिए तथा समस्त औद्योगिक क्षेत्रों के निर्माण कार्यों के लिए नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी को कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। कवि नगर, औद्योगिक क्षेत्र तथा बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र के अतिक्रमण को हटाने के लिए भी उद्यमियों ने विषय रखा। जिस पर नगर आयुक्त ने जोनल प्रभारियों को अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ रूटीन साप्ताहिक चेकिंग करने की भी निर्देश दिए।

### टोमैटो फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग तैयार, बनाई स्पेशल विंग

गाजियाबाद। टोमैटों फ्लू को लेकर गाजियाबाद के स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। जनपद में स्वास्थ्य विभाग ने टोमैटो फ्लू को लेकर सतर्कता बरतते हुए स्पेशल विंग बनाई है। एक चिकित्सक के नेतृत्व में बनाई गई विंग जनपद के सभी सरकारी व निजी अस्पतालों के संपर्क में रहेगी। ताकि इनमें टोमैटो फ्लू के संदिग्ध मरीज आने पर शासन की गाइडलाइन के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाए। इसके लिए एमएमजी व संयुक्त अस्पताल में अलग से विशेष वार्ड भी बनाया जा रहा है।जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि टोमैटो फ्लू के मामले बढ़ने के बाद शासन ने एडवाइडरी जारी की है। इसमें टोमैटो फ्लू के लक्षण से लेकर रोकथाम तक के बारे में विस्तृत जानकारी दी है। शासन से आई एडवाइजरी के अनुसार जिला स्तर पर भी काम शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि टोमैटो फ्लू एक वायरल इंफेक्शन है। इसमें कम उम्र के बच्चों के मुंह, हाथ और पैरों पर टमाटर जैसे छाले या फफोले हो जाते हैं। यह बीमारी एक से पांच साल की उम्र के बच्चों और कमजोर इम्यूनिटी वाले वयस्कों को प्रभावित करती है। अक्सर यह बीमारी किसी तरह के वायरल इंफैक्शन या बुखार के बाद होती है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से डरने की जरूरत नहीं है। सिर्फ सावधानी रखने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि जिले में अभी तक टोमैटो फ्लू का कोई संदिग्ध मरीज तक नहीं मिला है।

# रोटरी क्लब ने 200 बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

**गाजियाबाद न्यूज**। रोटरी क्लब हापुड़ एलाइट ने आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी। हापुड़ के बिहारी आश्रम कन्य विद्यालय में कैंप लगाया गया। जिसमें सोमवार को स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 200 बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई।







इसमें रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव,दिल्ली ईस्ट एंड के अध्यक्ष रो अशोक शर्मा, गाजियाबाद सेंट्रल के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि राष्ट्र व समाज के हित में जो भी कार्यक्रम होंगे उनमें पूरा सहयोग किया जाएगा। रो मनीषा भार्गव ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब वैक्सीनेशन, सेनेटरी पैड वितरण, बूस्टर डोज और वैक्सीनेशन अभियान में अग्रणी भूमिका में हैं। उनके अभियान से समाज के हर वर्ग को फायदा मिल रहा है। रो कुनिका भार्गव ने बताया कि इंटरेक्ट क्लब ऑफ लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल नोएडा और गाजियाबाद भार्गव समाज समिति ने भी साक्षरता अभियान के अंतर्गत अपना पूरा सहयोग किया है। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज भार्गव ने कहा कि आरएचएएम एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में साक्षरता अभियान के अंतर्गत रोटरी क्लब ने कॉपी, पेंसिल, रबर, पेंसिल बॉक्स आदि वितरित कर बच्चों को जागरूक किया। डॉ भार्गव ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में रोटरी क्लब के साथ आरएचएएम फाउंडेशन हर जरूरमंद की मदद कर रहे हैं। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हापुड.और हरियाणा के कई जिलों में उनकी संस्था स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के साथ मिलकर काम कर रही है।

रोटरी क्लब हापुड़ एलाइट के अध्यक्ष रो पारित अग्रवाल ने कहा कि साक्षरता अभियान के अंतर्गत बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी जा रही है। आगे भी बच्चों की मदद के लिए रोटरी क्लब का अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर रोटरी क्लब की सचिव तन्मय मित्तल, रो सिन्नी अग्रवाल, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर रो विनीत अग्रवाल और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गणेश चतुर्थी पर मूर्ति विसर्जन को लेकर डीपीसीसी ने जारी की गाइडलाइन

**टीबीसी न्यूज।** बुधवार को गणेश चतुर्थी से पहले, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने दिल्ली में शहरी स्थानीय निकायों से आवासीय क्षेत्रों के पास मूर्ति विसर्जन के लिए अस्थायी तालाब बनाने के लिए कहा है, जबकि जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है कि यमुना में कोई मूर्ति विसर्जन न हो।

दिल्ली ने 2019 से यमुना में सभी मूर्ति विसर्जन पर प्रतिबंध लगा दिया है, डीपीसीसी ने अपने निर्देशों में कहा है कि यमुना में मूर्तियों को विसर्जित करने वाले किसी भी उल्लंघनकर्ता को 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा, साथ ही ऐसे प्रावधान भी होंगे जो 6 साल तक की जेल की सजा दे सकते हैं।



**बायोडिग्रेडिबल मूर्तियां ही बनाने की अनुमति**

29 अगस्त को जारी एक आदेश में, DPCC का कहना है कि दिल्ली पुलिस सभी पुलिस अधिकारियों को चेक पोस्ट और पुलिस स्टेशनों पर निर्देश जारी करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अपराधियों पर फिर से उचित कार्रवाई की जाए, जबकि नगर निकायों और सभी जोनल कार्यालयों को अवैध मूर्ति निर्माण के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी करने के लिए भी कहा गया है। पिछले वर्षों की तरह ही मूर्ति विसर्जन के लिए केवल मिट्टी और बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बनी मूर्तियां बनाने की अनुमति है, जबकि पीओपी आधारित मूर्तियों को प्रतिबंधित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि,"जिला मजिस्ट्रेट मूर्ति विसर्जन के संबंध में एनएमसीजी के निर्देश को लागू करेंगे। स्थानीय निकायों द्वारा चिन्हित स्थानों को छोड़कर यमुना नदी और किसी भी अन्य जल निकायों में किसी भी मूर्ति विसर्जन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उल्लंघन करने वालों को पर्यावरण मुआवजे के रूप में 50,000 रुपये का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा जो डीपीसीसी में जमा किया जाएगा, "

रेजीडेंट वेलफेयर ने यह भी कहा कि व्यक्तिगत घर या कृत्रिम तालाबों में निवास कल्याण अपार्टमेंट के पार्कों के परिसर के भीतर पानी की बाल्टी में मूर्तियों के विसर्जन के लिए प्रोत्साहित करें। विसर्जन के बाद साफ पानी का उपयोग बागवानी के उद्देश्य से किया जा सकता है आदेश में कहा गया है कि मूर्तियों को सजाने के लिए केवल प्राकृतिक रंगों और बायोडिग्रेडेबल सजावट का उपयोग किया जाना चाहिए। दिशानिर्देशों में कहा गया है कि मूर्तियों के विसर्जन से पहले फूल और सजावटी सामग्री (कागज से बनी) जैसी पूजा सामग्री को हटा दिया जाना चाहिए और निपटान के लिए अलग से एकत्र किया जा सकता है। जबकि बायोडिग्रेडेबल सामग्री को रीसाइक्लिंग और कंपोस्टिंग के लिए भेजा जाना चाहिए, जबकि गैर-बायोडिग्रेडेबल को सैनिटरी लैंडफिल में भेजा जाएगा।

यमुना में मूर्ति विसर्जन पर 2015 में एनजीटी द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया था, 2019 से राजधानी में इस प्रतिबंध का पालन किया जा रहा है। 2020 में एनजीटी-आधारित समिति द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट में पाया गया था कि वर्ष 2019 में लगभग 24,000 मूर्तियों को यमुना में विसर्जित करने से रोका गया था ताकि नदी में प्रदूषण कम हो।

## 20 मिनट तक लिफ्ट में फंसे बीजेपी विधायक अजीतपाल त्यागी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के मुरादनगर के भाजपा विधायक समेत सात लोग रविवार को गोविंदपुरम स्थित प्राइमरोज सोसाइटी की लिफ्ट में फंस गए। 20 मिनट तक 14वें फ्लोर पर फंसे होने से हड़कंप मच गया। लिफ्ट का पंखा बंद हो गया। इससे सभी लोग गर्मी में बेहाल हो गए। तकनीकी दिक्कत आने से लिफ्ट खराब होना बताया जा रहा है।



गोविंदपुरम के पास इस सोसाइटी में कोरोना से बचाव के लिए बूस्टर डोज लगवाने के लिए शिविर लगाया गया था। दोपहर करीब 12 बजे विधायक अजीतपाल त्यागी शिविर का उद्घाटन करने पहुंचे। इसके बाद विधायक सोसाइटी में 16वें फ्लोर पर रहने वाले अपनी पार्टी के कार्यकर्ता के आवास पर पहुंचे। वहां पर थोड़ी देर रुकने के बाद वह लिफ्ट से नीचे लौट रहे थे। लिफ्ट में उनके अलावा सात लोग और थे। वे सभी जैसे ही 14वें फ्लोर पर पहुंचे तो लिफ्ट फंस गई। लिफ्ट में खराबी आने के कारण 20 मिनट तक सभी लोग फंसे रहे। लिफ्ट में लगा पंखा भी बंद हो गया।

विधायक के लिफ्ट में फंसने की जैसे ही सोसाइटी में सूचना लगी तो हड़कंप मच गया। सुरक्षाकर्मी आनन-फानन में सीढ़ियों की मदद से 14वें फ्लोर पर पहुंचे और उन्होंने लिफ्ट को ठीक किया। इससे पहले विधायक और अन्य लोगों ने लिफ्ट का दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं खुल सका। विधायक अजीतपाल त्यागी ने बताया कि करीब 20 मिनट तक में फंसने से अन्य लोग भी परेशान रहे।

## नगर आयुक्त ने टीम के साथ लिया प्रकाश व्यवस्था का जायजा

**गाजियाबाद न्यूज।** शहर की सफाई व्यवस्था को और कितना बेहतर बनाया जा सकें और शहर की स्वच्छता बनी रहे इसे लेकर नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर बेहद गंभीर है। नगर निगम की सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए जहां नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर सुबह निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दे रहे है। वहीं अब रात में भी निगम के कार्यों का जायजा ले रहे है।



शहर स्वच्छ एवं सुंदर रहे इसके लिए नगर आयुक्त खुद सड़कों पर उतरकर कार्यों की गुणवत्ता को परख रहे है। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी दिन पूरी ईमानदार के साथ कार्य कर रहे है। समय-समय पर कार्यों का निरीक्षण करने का उद्देश्य यही रहता है कि अगर कहीं कोई कमी है तो उसे समय पर सुधारा जा सकें। नगर निगम अधिकारियों के साथ नगर आयुक्त प्रात निरीक्षण के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था तथा प्रकाश व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए निर्देशित किया था। जिसमें मोहन नगर जोन, वसुंधरा जोन के मार्गो पर प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गए थे। सड़कों पर सही तरीके से स्ट्रीट लाइट जल रही है कि नही, इसी का जायजा लेने के लिए नगर आयुक्त ने बुधवार रात को निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्गो के साथ-साथ आंतरिक गलियों में भी प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। इसी के साथ प्रमुख चौराहों पर नाइट स्वीपिंग अवस्था का जायजा लिया। शहर को धूल मुक्त बनाने में नगर निगम बेहतर भूमिका निभा रहा है। जिसके लिए अधिकारियों द्वारा लगातार शहर का दौरा किया जा रहा है, निरीक्षण के दौरान कई सड़कों की मरम्मत कार्य का भी जायजा लिया गया। मोहन नगर जोन तथा वसुंधरा जोन में निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आरटीई दाखिले में फर्जीवाड़ा करने वाले अभिभावकों पर होगी FIR

**गाजियाबाद।** आरटीई कोटे में अपने बच्चों का दाखिला कराने के लिए फर्जीवाड़े का सहारा लेने वाले अभिभावकों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। प्रशासन ने ऐसे अभिभावकों की रिपोर्ट तलब करते हुए कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जांच के बाद इन पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। आरटीई के दाखिले नहीं करने को लेकर प्रशासन स्कूलों पर लगातार सख्ती बरत रहा है। प्रशासनिक अधिकारी स्कूलों में जाकर आरटीई के दाखिले करवा रहे हैं। इसी दौरान कुछ ऐसे लोगों का भी खुलासा हुआ है जो बड़ा घर, चार पहिए की गाड़ी और लाखों रूपये की मासिक आय होने के बावजूद भी आरटीई कोटे में बच्चों को दाखिला दिला रहे हैं। स्कूलों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है। कई




स्कूलों की ओर से 12 अभिभावकों की शिकायत की गई है जिन्होंने आरटीई में दाखिला कराने के लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया है। कई अभिभावकों ने अपनी गलती मानते हुए फर्जी दस्तावेज लगाने की बात भी स्वीकार की है। अब इन अभिभावकों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है।

दाखिले के लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेना अपराध है। इस मामले में प्रक्रिया का पालन करते हुए जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ही कार्रवाई की जाएगी।

*-विनोद मिश्रा*
*बेसिक शिक्षा अधिकारी*

**लाखों रुपये की आय, गाड़ी वालों ने खुद को बताया किराएदार**

इस फर्जीवाड़े में वह लोग शामिल हैं जिनके पास भोग विलासिता के सारे संसाधन मौजूद हैं। संदेह होने पर कई स्कूलों ने अपने स्तर पर इनकी जांच करवाई जिसमें इस बात का खुलासा हुआ। फर्जी एग्रीमेंट बनवाकर खुद को किराएदार बताने वाले चार पहिए की गाड़ी में चलते हैं और खुद के घर में रहते हैं। गरीबों का हक छीन कर निशुल्क कोटे में बच्चों को पढ़ाने के लिए इन्होंने फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया।

**स्कूलों से मांगी रिपोर्ट**

प्रशासन ने नियमों का उल्लंघन करने वाले ऐसे अभिभावकों की रिपोर्ट मांगी है जिन्होंने दाखिले के लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया। स्कूलों से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद प्रशासनिक स्तर से इनकी सत्यता की जांच की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट गंभीर सिंह ने कहा कि संदेह के घेरे में आने वाले अभिभावकों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी। फर्जी पाए जाने के बाद इन पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## बुजुर्गो को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ नागरिों को राष्ट्रीय पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए पोर्टल awards.gov.in पर नामांकन कराना होगा। हालांकि पोर्टल पर 29 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन करने वाले सीनियर सिटीजन को ही इसका फायदा मिलेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमर जीत सिंह ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं निदेशक समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशों के क्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2022 की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि वयोश्रेष्ठ सम्मान के आवेदन हेतु पात्रता मापदंड, नामांकन प्रपत्र, आवेदन की प्रक्रिया आदि के सम्बन्ध में जानकारी सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की वेबसाइट socialjustice.gov.in/Writereaddata/UploadFile/66711658392884.pdf पर उपलब्ध है।

*Editorial*

## Floods and foes: On Pakistan floods and Indian response

Prime Minister Narendra Modi's message, in a tweet on Monday evening, expressing condolences to the victims of the flooding in Pakistan, is a welcome gesture, especially after weeks of silence over what has been one of the worst natural disasters in the neighbourhood in recent times. More than 1,100 people have died, and over 33 million people have been affected, as officials say one-third of the country is under water, and estimate about $10 billion in damage to homes, roads and infrastructure. The floods have also affected standing crops, and as the waters recede, fears of disease as well as food shortages are expected to rise. In addition, the worry that the devastating floods have been caused due to climate change is a worry for all of South Asia, one of the world's regions most vulnerable to global warming. On Tuesday, UN Secretary General Antonio Guterres launched a global appeal for aid to Pakistan, that he said had been hit by a "monsoon on steroids", indicating unnatural climate patterns. Countries such as the U.K., the U.S., China, the UAE, Qatar and Turkey have already dispatched aid to Pakistan, and many others have promised help, while the IMF announced a $1.1 billion bailout tranche on Tuesday, as part of ongoing negotiations with the country that is already steeped in an economic crisis. Given that the crisis will only deepen at this point, Pakistan Finance Minister Miftah Ismail also said on Monday that he may propose lifting the trade ban imposed on India after the Jammu-Kashmir reorganisation in 2019, so as to import Indian vegetables and essential commodities. Thus far, Islamabad has only made exceptions for pharmaceutical imports from India during the COVID-19 pandemic, and India's humanitarian aid to Afghanistan.

(Dr. Dheeraj Kumar Bhargava)

# Asia Cup 2022: All-round Hardik Pandya Stars in India's Thrilling 5-wicket Win Over Pakistan

All-round Hardik Pandya guided India to a sensational 5-wicket win a nail-biting finisher against arch-rivals Pakistan on Sunday at Dubai International Cricket Stadium. In a thrilling contest, Pandya stitched a crucial 52-run stand with Ravindra Jadeja for the fifth wicket to get the job done. Jadeja scored 35 runs off 28 balls. While Pandya finished it off with a six and remained unbeaten on 33 off 17 balls as India chased down the 148-run target with 2 balls to spare.

India needed 41 runs from the last four overs as Jadeja and Pandya unleashed themselves on the Pakistan bowlers who were struggling with cramps. Pandya smacked three fours in the penultimate over to make things easy for India in the final over. However, Jadeja was dismissed on the first ball of the over which shifted the momentum a bit but Pandya got the job done with a maximum. He scored 4 fours and a six during his match-winning knock. Earlier, the all-rounder




also performed well with the ball and claimed three wickets.

Chasing the 148-run target, India lost their star opener KL Rahul on a golden duck on the second ball of the innings as young Naseem Shah was too good for him in his debut match. Virat Kohli, who came out to bat at number 3, looked a bit rusty and was dropped on a duck on the second ball he faced as Fakhar Zaman on the second slip failed to collect the ball cleanly. However, after a tricky start, Kohli got his groove back and put pressure on the Pakistan bowlers with some quality shots. On the other side, Indian skipper Rohit Sharma had a rough day with the bat as he scored just 12 runs and took 18 balls. He tried to play big shots but missed the timing and eventually got dismissed by Mohammad Nawaz in the attempt to hit a six. The left-arm spinner also dismissed Kohli in quick succession to hurt India. Kohli scored 35 runs off 34 balls in his comeback game as it was laced with three fours and a six.India's top-ranked T20I batter Suryakumar Yadav also had an off-day with the bat as he was dismissed on 18 by Shah who rattled hi stumps with a full-length delivery. Surya didn't look at his usual best during his run-a-ball innings as the pressure was mounting on him to score a big shot.

# 'I've said this multiple times... Babar shouldn't open': Akhtar furious at Pakistan's approach in Asia Cup tie vs India



Hardik Pandya shone with bat and ball as the all-rounder powered India to a thrilling five-wicket win over Pakistan in the T20 Asia Cup on Sunday. Chasing 148 for the win, Pandya remained unbeaten on 33 as India achieved the target with two balls to spare in Dubai. He also starred with the ball to return figures of 3-25, while Bhuvneshwar Kumar hit the right note to take a four-fer.

The pair shared seven wickets to bowl out Pakistan for 147. Bhuvneshwar set the tone as he dismissed opposition captain Babar Azam for 10 in the second over and recorded figures of 4-26. Pandya then scythed through the middle order and also removed top-scorer Mohammad Rizwan, who had hit 43 off 42 balls. Bhuvneshwar struck again in the penultimate over but was denied a hat-trick by No. 11 Shahnawaz Dahani, who chipped in with a crucial 6-ball 16. Pandya, who induced Pakistan batters into making mistakes, earned the man-of-the-match award for his 3-25 with the ball and 33* off 17 deliveries.

Former Pakistan speedster Shoaib Akhar has questioned Pakistan's sluggish batting approach in the 20-over contest. He underlined the number of dot balls in powerplay and said Babar should be coming in at the No. 3 spot instead of opening the innings. If Rizwan will play run-a-ball then obviously what will happen? 19 dot balls in the first 6 overs. If you will play so many dot balls then you will face problems,Akhtar said on his YouTube channel. It was bad selection by both captains. Both tried to pick wrong teams. They (India) dropped Rishabh Pant and we (Pakistan) added Iftikhar Ahmed at number four. No disrespect to Iftikhar or anybody but I have said this multiple times Babar Azam shouldn't open. Instead, he should come one down and anchor the innings till the end, he added.

Former Pakistan skipper Salman Butt also criticised Babar and co. for struggling against Pandya, who used short deliveries to good effect. He asked the team to work on its inability to play short-pitched bowling before this year's World T20 in Australia.

# ATK Mohun Bagan Beat Emami East Bengal 1-0, Knock Kolkata Derby Rivals Out of Durand Cup




the tickets were sold out online within the hour. Fans camped overnight outside the club tents for physical tickets when they were available. The streets leading up to the Salt Lake stadium were filling with hues of red, yellow and green. Football had come home in India.

It was a contest from the word go as Hugo Boumous and Ivan Gonzalez clashed with the former coming off worse of the two. Alex Lima too in the minute that followed, let Liston Colaco know that it is a derby. Ashique Kurunian managed to surpass the press once he got the ball on the left to dibble past a few and get a shot off in the 16th minute but his effort was wide.

Four minutes of pressure meant Asish Rai and Boumous managed to get in behind the defence with a clever one-two but the latter's cutback to Liston did not have the legs to reach him and East Bengal cleared.

Ashique had two back-to-back moves down the left flank as the cross was behind Liston with Ivan clearing and then we cruised past Charalambos Kyriacou but his shot didn't get the desired result.

East Bengal players were content at letting their opponents have the ball with ATK Mohun Bagan equally keen on having possession.

Souvik Chakrabarti's relentless running let him overturn Asish in an attacking position in the 34th minute and passed it on to Ivan, as his shot from 40 yards out whizzed past the top right.

It was Souvik again who held up the ball and launch a stunning counter-attack but Eliandro Dos Santos but he and Sumeet Passi lost the momentum of the attack as ATK Mohun Bagan defenders were back in numbers.

# दो-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन तथा 39वीं जीआईएसएफआई मानकीकरण श्रृंखला बैठक

गाजियाबाद। मोहन नगर स्थित आईटीएस संस्थान में दो-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन तथा 39वीं जीआईएसएफआई मानकीकरण श्रृंखला बैठक का सोमवार को शुभारंभ हुआ। सम्मेलन का विषय 6जी एवं हरित प्रोद्योगिकी है। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश विदेश के शोध कर्ताओं तथा प्रसिद्ध टेक्नोकेट्स को एक सार्थक मंच उपलब्ध कराना हैं। जहां वे अपने अनुभव एक साथ साझा कर सकें तथा नई तकनिकों को एक उच्च आयाम पर ले जाया जा सकें।




समारोह का औपचारिक उद्घाटन आईटीएस समूह के चेयरमैन आरपी चड्ढा, आईटीएस समूह के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, मुख्य अतिथि रामजी प्रसाद (डेनमार्क), संस्थापक अध्यक्ष, सीटीआईएफ ग्लोबल कैप्सूल, संस्थापक अध्यक्ष जीआईएसएफआई। संस्थापक अध्यक्ष/सह-अध्यक्ष, जीडब्ल्यूएस/डब्ल्यूपीएमसी, संचालन बोर्ड, संस्थापक अध्यक्ष विश्वनिकेतन, व्यवसाय विकास और प्रौद्योगिकी विभाग, आरहूस विश्वविद्यालय, हर्निंग कैंपस, डेनमार्क में प्रोफेसर सोरेन ट्रैनबर्ग हैनसेन, डेनमार्क के महावाणिज्य दूतावास (बैंगलोर भारत) पीटर लिंडग्रेन, मुख्य प्रवक्ता डॉ संदीप इनामदार वाईस चेयरमैन विश्वनिकेतन पुणे, आईटीएस मोहननगर के आईटी विभाग तथा स्नातक परिसर के निदेशक डॉ सुनील कुमार पाण्डेय तथा आईटीएस स्नातक परिसर की वाइस प्रिंसिपल प्रो नैन्सी शर्मा एवं डॉ एसडीएस मंत्री द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ।

वॉइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत करते हुए वर्तमान परिदृश्य में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में चल रहे विकास एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय प्रोफेशनल्स की स्वीकार्यता एवं उनके देश के आर्थिक विकास में योगदान महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए रामजी प्रसाद ने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नित नये शोध एवं विकास कार्यों का उल्लेख करते हुये उनके व्यावसायिक, सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तनों पर विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि हमें इन तकनीकों के सफलतापूर्वक कियान्वयन एवं उपयोग के लिए हमें इसके अनुप्रयोगों को समझने एवं आत्मसात करने की आवश्यकता है।

सोरेन ट्रेनवर्ग हैन्सेन ने सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों की चर्चा की। उन्होंने ई-गवर्नेन्स से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संस्थानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की उत्पादकता, गुणवत्ता सुधार एवं पारदर्शिता बढ़ाने में ई-गवर्नेन्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। डा० सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इन्टरनेट तथा इन्टरनेट से सम्बंधित एप्लिकेशन्स का अधिक महत्व है इस वातावरण में 6 जी टैक्नोलोजी मील का पत्थर साबित होगी। प्रो नैन्सी शर्मा ने कहा कि हरित तकनीक आज के परिदृश्य में वातावरण को बचने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सबका सञ्चालन आई० टी० विभाग की प्रो० पूजा धर ने किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात तीन समूह वार्ताओं का आयोजन किया गया जिसमें देश विदेश के प्रसिद्ध शिक्षाविद शोधकर्ता तथा टेक्नोक्रेटस ने भाग लिया। प्रथम दिन के वक्ताओ में केके ठाकुर, डॉ दिनेश चंदा शर्मा, प्रो विक्रम सिंह, सुधांशु शेखर जमुआर, डॉ वंदनाम रोहोकाले, एवं प्रो अभय रे ने विभिन्न आयामो पैर चर्चा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र, संकाय सदस्यगण एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने कुसुम सिंह को वार्ड संख्या 83 की पार्षद घोषित किया

**गाजियाबाद न्यूज।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने भाजपा नेता आशुतोष शर्मा का दिसंबर 2019 में पार्षद के पद पर हुआ निर्वाचन शून्य घोषित किया है। उनके स्थान पर चुनाव में उप विजेता रहीं कुसुम सिंह को वार्ड - 83 का पार्षद घोषित किया गया है। आशुतोष शर्मा गाजियाबाद के राजेंद्र नगर के साथ ही दिल्ली के विश्वास नगर विधानसभा से मतदाता थे, उन्होंने चुनाव के वक्त जमा किए गए शपथ पत्र में अपने हस्ताक्षर नहीं किए थे, कई कालम में जरूरी सूचनाएं नहीं दी थी, जिस कारण अदालत ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किए हैं, इसके साथ ही तत्कालीन जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक विभागीय कार्यवाही के लिए भी जिलाधिकारी को आदेशित किया है। कुसुम सिंह ने बताया कि 2019 में हुए नगर निकाय के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उनको वार्ड संख्या-83 से पार्षद प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन नामांकन दाखिल करने से एक दिन पहले भाजपा के तत्कालीन महानगर अध्यक्ष ने आशुतोष शर्मा को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया। ऐसे में आशुतोष शर्मा ने बतौर भाजपा प्रत्याशी और कुसुम सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। 26 नवंबर 2017 को चुनाव संपन्न हुआ और तीन दिसंबर 2017 को नतीजे घोषित किए गए, जिसमें आशुतोष को 2,229 और कुसुम को 2,202 मत प्राप्त हुए, आशुतोष को पार्षद घोषित किया गया। इसके बाद कुसुम ने जनवरी 2018 में अदालत में केस दायर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आशुतोष शर्मा दो जगह से मतदाता हैं, जबकि नियम के तहत प्रत्याशी को एक ही जगह से प्रत्याशी होना चाहिए। दूसरा उन्होंने शपथ पत्र में आवश्यक सूचनाएं नहीं दी हैं, अपने हस्ताक्षर तक नहीं किए हैं। ऐसे में उनका निर्वाचन शून्य घोषित किया जाए। अदालत में दोनों पक्षों को सुना गया और 24 अगस्त 2022 को फैसला सुनाया, जिसमें आशुतोष शर्मा का निर्वाचन शून्य घोषित करने के साथ ही याची या द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अन्य प्रत्याशी को निर्वाचित घोषित करने का आदेश सुनाया और तत्कालीन जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को आदेशित किया।

## मंत्रोच्चारण के साथ गणपति बप्पा को किया बिराजमान

**गाजियाबाद न्यूज।** गणेश चतुर्थी को लेकर मंत्रोच्चारण के साथ गणपति बप्पा को विराजमान किया गया। शालीमार गार्डन मेन, राजेंद्र नगर, डीएलएफ कॉलोनी, लाजपत नगर सी ब्लॉक, इंद्रा कॉलोनी, वैशाली सेक्टर-4, वसुंधरा, इंदिरापुरम आदि के सार्वजिक स्थल,मंदिर, सोसायटी व लोगों ने अपने-अपने घरों में विधिवत पूजा अर्चना व मंत्रोच्चारण के साथ गणपति बप्पा को विराजमान करने में लगे रहे। श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयघोष भी की और कई जगह पंडालों को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया । गणेश चतुर्थी को लेकर लोगों ने रविवार को जीटी रोड पर मूर्तियों की खरीदारी की।



श्यापार्क एक्सटेंशन प्राचीन हनुमान मंदिर के पंडित रोशन झा ने बताया कि गणपति की स्थापना और पूजा का शुभ समय सुबह 10:05 से दोपहर 1:36 बजे तक रहेगा। यानि श्रद्धालु ढाई घंटे तक गणपति बप्पा को विराजमान कर सकेंगे। दसवें दिन अनंत चतुर्दशी को गणपति बप्पा का विसर्जन किया जाएगा। वहीं, वैशाली सेक्टर-4 के गोपेश्वरनाथ मंदिर, वसुंधरा सेक्टर-1, कौशांबी व शिप्रासन सिटी में भी गणपति बप्पा को विराजमान किया जाएगा। कई सोसायटी में ईको फ्रेंडली गणपति बप्पा तैयार किए गए हैं। यहां रोजाना अनंत चतुर्दशी तक पूजा अर्चना होगी।


**अस्थायी विसर्जन घाट की सफाई शुरू**

गणेश चतुर्थी को लेकर निगम की टीम ने रविवार को हिंडन के अस्थायी घाट पर सफाई शुरू कर दी है। गणपति बप्पा के विसर्जन के समय श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो घाट के पास बैरिकेटिंग भी की जाएगी। जोनल प्रभारी एसके गौतम ने बताया कि घाट की सफाई कर उसमें पर्याप्त पानी छोड़ा जाएगा। इसके संबंध में जिला प्रशासन को भी पत्र लिख दिया गया है।

# गाजियाबाद में 1.70 करोड़ के प्लॉट पर बैंक ने दिया था 4.5 करोड़ का लोन

**टीबीसी न्यूज।** गाजियाबाद में प्लॉट खरीद धोखाधड़ी के एक मुकदमे में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) ने 26 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज की है। सिहानी गेट थाना क्षेत्र के मालीवाड़ा निवासी नरेंद्र शर्मा ने सुनील कुमार, जगत सिंह, दीपक कालरा और पंजाब नेशनल बैंक सूर्यनगर आगरा के बैंक प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी ने गाजियाबाद के सिहानी गेट थाने में साल-2019 में इस बाबत दर्ज मुकदमे की सीबीआई जांच के लिए पत्र लिखा था।




गांधीनगर के प्लॉट से जुड़ा है मामला

प्रॉपर्टी डीलर नरेंद्र शर्मा के अनुसार, गाजियाबाद के गांधीनगर में प्लॉट नंबर-102 खरीदने के लिए उन्होंने सुनील कुमार और जगत सिंह से संपर्क किया। प्लॉट की रजिस्ट्री 1 करोड़ 70 लाख रुपए में दोनों ने 1-2 अगस्त 2018 को नरेंद्र शर्मा के नाम गाजियाबाद में कर दी।

तब से इस प्लॉट पर नरेंद्र शर्मा ही काबिज हैं। प्लॉट की पहली मालिक सरोज मित्तल थीं। सरोज ने 3 अक्टूबर 2016 को ये प्लॉट सुनील कुमार और जगत सिंह को बेच दिया। इन दोनों से नरेंद्र ने खरीद लिया था।

**प्लॉट खरीदने के बाद बैंक नोटिस से खुली सच्चाई**

नरेंद्र शर्मा ने बताया कि जब उन्होंने यह संपत्ति खरीदी तो इस पर कोई बकाया नहीं था। 15 जुलाई 2019 को PNB सूर्यनगर, आगरा ने प्लॉट पर एक नोटिस चस्पा कर दिया। इस नोटिस में सरोज रानी मित्तल द्वारा प्लॉट को मैसर्स टाइल एंपोरियम के खाते में ऋण बंधक दिखाया गया है। टाइल एंपोरियम के मालिक दीपक कालरा हैं। जबकि सरोज रानी इस संपत्ति को साल-2016 में दो अन्य युवकों को बेच चुकी थीं।

नोटिस में सरोज को खुद ऋण गारंटर के रूप में दिखाया गया है, जबकि वह संपत्ति की मालकिन ही नहीं थीं। बैंक के ये दस्तावेज जून-2018 के हैं। दस्तावेजों के अनुसार, नरेंद्र शर्मा की संपत्ति पर साढ़े चार करोड़ का ऋण होना दर्शाया गया था।

**बैंक ने एक संपत्ति पर दो-दो बार दिया लोन**

नरेंद्र शर्मा ने बताया कि वे इस प्रकरण के बाद तहसील में गए। वहां कर्मचारियों ने बताया कि बैंक लोन देने से पहले अपने अधिवक्ता के जरिए उक्त संपत्ति की पूरी जांच कराता है। जब यह पुष्टि हो जाती है कि संपत्ति पर कोई बकाया नहीं है, तभी बैंक उसको लोन देता है।

नरेंद्र ने बताया कि जब उन्होंने संपत्ति अपने नाम कराई थी, तब कोई लोन नहीं था। इससे साफ है कि बैंक ने कुछ लोगों से मिलकर इस प्रॉपर्टी पर दो-दो बार लोन दिया है। 13 सितंबर 2019 को नरेंद्र शर्मा ने सुनील कुमार, जगत सिंह, दीपक कालरा और बैंक मैनेजर के विरुद्ध गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट में FIR कराई थी। बैंक ने अपने स्तर पर इस केस की विस्तृत जांच कराई। जांच में पता चला कि इस तरह का फ्रॉड करने वाला एक बड़ा गैंग है। इसका मुखिया लक्ष्य तंवर है।

लक्ष्य तंवर पर अकेले गाजियाबाद में ही 40 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। उस पर 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की इसी तरह की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

# अमिताभ बच्चन और रेखा के बारे कुछ ऐसा बोले टाइगर श्रॉफ




**टीबीसी न्यूज।** कॉफी विद करण शो में इस बार करण जौहर के मेहमान थे कृति सेनन और टाइगर श्रॉफ। दोनों ने अपनी लाइफ से जुड़े कई खुलासे किए। इस बीच क्विज राउंड में टाइगर ने रेखा और अमिताभ बच्चन के बारे में ऐसा जवाब दिया कि करण हैरान हो गए। हालांकि करण के रिऐक्शन से टाइगर को अहसास हो गया कि वह कुछ गलत बोल गए हैं। इसके बाद करण ने सही जवाब दिया। कॉफी विद करण शो में सिलेब गेस्ट्स के खुलासे सुर्खियों में रहते हैं। इस बार कृति और टाइगर ने भी शो में आकर काफी मस्ती की। क्विज राउंड में टाइगर श्रॉफ अमिताभ बच्चन से जुड़े सवाल पर टाइगर फंस गए। उनसे पूछा गया, किसी ऐसे ऐक्टर का नाम बताइए जिसने अमिताभ बच्चन की मां और लवर दोनों का रोल किया हो। कृति सेनन ने इस पर जवाब दिया, मैं बहुत श्योर नहीं हूं। इस पर टाइगर ने बजर दबाया और बोले, रेखा मैम? यह सुनकर करण जौहर शॉक्ड रह गए और बोले- क्या?

करण ने उड़ाया मजाक

इसके बाद करण जौहर ने अपना सीना पकड़ा और बोले, नहीं... और हंसने लगे। इसके बाद बोले नहीं, उन्होंने कभी उनकी मां का रोल प्ले नहीं किया। वहीदा रहमान ने उनकी मां और प्रेमिका का रोल प्ले किया था राखी और शर्मिला टैगोर ने भी। इस पर टाइगर बोले, मैं ये सोच ही रहा था। करण ने उनका मजाक उड़ाया, अच्छा, तुम ये सोच रहे थे? वहीदा रहमान ने फिल्म कभी-कभी में अमिताभ बच्चन की प्रेमिका का रोल निभाया है। इसके बाद उन्होंने नमक हलाल और त्रिशूल में उनकी मां का रोल निभाया है। राखी कभी-कभी, एक रिश्ता, त्रिशूल, काला पत्थर, बरसात की एख रात, कसमें वादे में अमिताभ की प्रेमिका बन चुकी हैं। इसके बाद शक्ति और लावारिस मे उनकी मां बनी थीं। शर्मिला टैगोर ने बेशरम, एकलव्य, फरार, विरुद्ध जैसी फिल्मों में उनकी प्रेमिका का रोल निभाया है और देश प्रेमी में उनकी मां बनी थीं।

# अमिताभ बच्चन की कोविड रिपोर्ट आई नेगेटिव



**टीबीसी न्यूज।** अमिताभ बच्चन कुछ दिनों पहले कोविड से संक्रमित हुए थे। उन्होंने खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी थी। बिग बी फिर काम से ब्रेक लेकर घर पर ही अपना ध्यान रख रहे थे। इसके साथ ही वह सोशल मीडिया के जरिए अपना हेल्थ अपडेट देते रहते थे। लेकिन अब बिग बी ने बताया कि वह ठीक हो गए हैं। उनकी कोविड रिपोर्ट नेगेटिव आ गई है और उन्होंने काम पर भी वापसी कर ली है। एक्टर ने अपने ब्लॉग के जरिए इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 9 दिन तक वह आइसोलेशन पर थे और अब काम पर सुबह वापस आ गए हैं। बिग बी ने ब्लॉग में गुरुवार की सुबह 8.40 पर लिखा, 'काम पर वापस आ गया हूं। आपकी दुआओं का आभारी हूं। लास्ट नाइट रिपोर्ट नेगेटिव आई है और 9 दिन का आइसोलेशन खत्म हो गया है। 7 दिन का आइसोलेशन जरूरी होता है। आप सभी को मेरा प्यार। आप बहुत अच्छे हैं और हमेशा मेरी सेहत की चिंता करते हैं। आप सभी के सामने मेरे हाथ हमने जुड़ जाते हैं।'

बता दें कि बिग बी फिलहाल कौन बनेगा करोड़पति 14 सीजन को होस्ट कर रहे हैं। काम को लेकर अपनी चिंता को जाहिर करते हुए बिग बी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, 'इतना सारा काम और इसके एडजस्टमेंट अगर हो सकते हैं, खोते हुए समय को कैसे पकड़ें स्पेशयली टीवी प्रोग्राम के मामले में जिसे हम अच्छी तरह से जानते हैं। इसमे बहुत ज्यादा समय और एनर्जी लगती है कॉर्डिनेट करने और सेट अप में।'

**बिग बी की फिल्में**

बिग बी की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो 9 सितंबर को उनकी फिल्म ब्रह्मास्त्र रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में बिग बी के साथ आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, नागार्जुन और मौनी रॉय अहम किरदार में हैं। वहीं इसके अलावा वह गुडबाय और प्रोजेक्ट के में नजर आने वाले हैं। गुडबाय में बिग बी और रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं तो वहीं प्रोजेक्ट के में बिग बी के साथ प्रभास और दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं।

# अवैध निर्माण पर चला जीडीए का बुलडोजर

**गाजियाबाद।** जनपद में अवैध निर्माण के खिलाफ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने कार्रवाई तेज कर दी है। प्रवर्तन जोन-6 के प्रवर्तन दस्ते की टीम ने इंदिरापुरम और वैशाली क्षेत्र में कमरा समेत अन्य अवैध निर्माण बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिए। सोमवार को जीडीए सचिव एवं प्रवर्तन जोन-6 के प्रभारी बृजेश कुमार के निर्देश पर जोन-6 के सहायक अभियंता योगेश पटेल ने अवर अभियंता गिरिजा शंकर मल,टीएन सिंह,सतेंद्र सिंह,विजय चौहान,वीके पांडेय,पवन गुप्ता ने जीडीए पुलिस एवं इंदिरापुरम थाना पुलिस की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।सहायक अभियंता योगेश कुमार पटेल ने बताया कि जीडीए प्रवर्तन जोन-6 के प्रभारी एंव सचिव बृजेश कुमार के निर्देश पर इंदिरापुरम में विधायक कॉलोनी मकनपुर में भवन संख्या-75 न्यायखंड-1 की छत पर अवैध निर्माण कमरे को तोड़ा गया।भूखंड संख्या-257सी न्यायखंड-2 की छत पर अवैध कमरे को तोड़ा गया। भूखंड संख्या-276 नीतिखंड-1 के कॉमन एरिया,भूखंड संख्या-427 शक्तिखंड-1 की छत पर अवैध निर्माण,भूखंड संख्या-100 शक्तिखंड-2 में अवैध निर्माण को बुलडोजर ओर हथौड़ा चलवाकर ध्वस्त किया गया।वहीं,स्टिल्ट में बन रहीं दुकानों को सील किया गया।वैशाली में भूखंड संख्या-16डी सेक्टर-6 में नक्शे के विपरीत सैट बैक का निर्मित पिलर और कौशांबी में भूखंड संख्या-3 पर नक्शे के विपरीत अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। जीडीए सचिव बृजेश कुमार ने कहा कि जीडीए प्रवर्तन जोन-6 के अंतर्गत अवैध निर्माण के ध्वस्त करने एवं सीलिंग की कार्रवाई जारी रहेगी।विकसित यूनिट,फ्लैट का क्रय,विक्रय न करें।अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बगैर नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

# सुकेश के अपराधी होने की जैकलीन को थी जानकारी



**टीबीसी न्यूज।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस इन दिनों सुकेश चंद्रशेखर को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। बीते दिन सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ 200 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में जैकलीन को समन जारी किया। 17 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जैकलीन फर्नांडिस के खिलाफ ठग सुकेश चंद्रशेखर को लेकरअपनी चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट में बताया गया है कि जैकलीन के कहने पर सुकेश ने उनकी बहन गेराल्डिन के अकाउंट में करीब एक लाख 73 हजार अमेरिकी डॉलर, भाई वॉरेन फर्नांडिस के अकाउंट में 26,470 ऑस्ट्रेलियन डॉलर्स ट्रांसफर किए। वहीं पैरेंट्स के लिए दो महंगी कारें- मासेराती और पोर्श, और एक्ट्रेस को ढेर सारे अन्य तोहफे दिए।

**जैकलीन को थी जानकारी**

ईडी ने ये भी बताया कि फरवरी 2021 में स्टाफ द्वारा जानकारी सुकेश के क्रिमिनल रिकॉर्ड्स की जानकारी जैकलीन को मिली थी, लेकिन उसके बाद भी तोहफे और कैश का सिलसिला जुलाई तक चलता रहा, जब तक दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया था। ईडी के मुताबिक जैकलीन जानती थी कि सुकेश अपराधी है, फिर भी उससे गिफ्ट लेती रही और झूठी कहानियां बनाती रहीं। आरोप है कि जैकलीन और उनके परिवार ने फरवरी- अगस्त 2021 तक करीब 7.12 करोड़ रुपये का लेनदेन किया, वहीं एक राइटर को जैकलीन की ओर से 15 लाख रुपये भी सुकेश ने दिए। एजेंसी का कहना है कि एक्ट्रेस के पैरेंट्स को मिली गाड़ियों की जांच जारी है।

ईडी ने इस बारे में कहा,'जैकलीन ने जानबूझकर सुकेश के क्रिमिनल रिकॉर्ड्स को इग्नोर किया और उनसे आर्थिक मदद लेती रहीं। सिर्फ वही नहीं, बल्कि उनके परिवार और दोस्तों ने भी इस रिश्ते से आर्थिक फायदा उठाया।' ईडी ने ये भी कहा कि जैकलीन ने अपने और अपने रिश्तेदारों द्वारा प्राप्त तोहफों के संबंध में लगातार अपना रुख बदला है। ईडी ने बताया है कि सुकेश ने 2021 की शुरुआत में पिंकी ईरानी की मदद से जैकलीन से कॉन्टेक्ट किया था, इसके लिए वो होम मिनिस्टर के फेक ऑफिस कॉल्स का इस्तेमाल करता था और उसने खुद को साउथ इंडिया का एक बिजनेस टाइकून और सन टीवी का मालिक बताया था।

# ट्विन टावर डिमोलिशन के बाद गुरुग्राम की 17 इमारतों के स्ट्रक्चरल ऑडिट का आदेश

टीबीसी न्यूज। गुरुग्राम में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत की छत गिरने के करीब सात महीने बाद गुरुग्राम प्रशासन ने शहर की 17 बहुमंजिला इमारतों के संरचनात्मक ऑडिट का आदेश दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुरुग्राम के सेक्टर 109 में 10 फरवरी को चिंटेल पैराडाइज सोसाइटी की सातवीं मंजिल पर फ्लैट की छतों के गिरने के बाद, 58 सोसायटी के निवासियों ने अपने भवनों के संरचनात्मक ऑडिट की मांग की थी।

**45 दिनों में पूरा होगा ऑडिट**



जिला प्रशासन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पहले चरण में 17 गगनचुंबी इमारतों का ऑडिट किया जा रहा है और सोमवार से ऑडिटिंग कंपनियों के लिए कार्य के आदेश जारी किए जाएंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऑडिट 45 दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा और लागत भवन निर्माता को वहन करना होगा। इस बीच, उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बुधवार को भवन निर्माताओं, ऑडिटिंग कंपनियों के सदस्यों और सोसायटी के निवासियों के साथ एक संयुक्त बैठक की। यादव ने कहा कि प्रशासन ने चार अनुभवी कंपनियों को सूचीबद्ध किया है और वे पहले चरण में सोसायटी का वहां जाकर निरीक्षण करेंगे।

अधिकारी ने 17 सोसायटी के निर्माताओं को शुक्रवार तक जिला नगर योजना के कार्यालय में सोसायटी के संरचनात्मक और वास्तुशिल्प डिजाइन प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया। बैठक में भाग लेने वाले भवन निर्माताओं में एम3एम (एम3एम वुडशायर), डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड (पार्क प्लेस), रहेजा डेवलपर्स (रहेजा अथर्व और वेदांत), यूनिटेक लिमिटेड (यूनिवर्ल्ड गार्डन 2) और महिंद्रा लाइफस्पेस ऑरा लिमिटेड (महिंद्रा ऑरा) तथा अन्य शामिल हैं। कार्य का आवंटन करते समय यह सुनिश्चित किया जायेगा कि निरीक्षण की जा रही ऑडिटिंग कंपनी एवं सोसाइटी के निर्माता ने पूर्व में एक साथ कार्य न किया हो। निवासियों को उस कंपनी के बारे में सूचित किया जाएगा जो चार से पांच दिन पहले उनकी सोसायटी में ऑडिट करेगी।

# गाजियाबाद में पत्नी संग बैंक में मनीष सिसोदिया 45 मिनट तक सीबीआई ने लॉकर जांचा

**नई दिल्ली / गाजियाबाद न्यूज।** केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के बैंक लॉकर की जांच पूरी की। गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर 4 की पंजाब नेशनल बैंक में मनीष सिसोदिया का बैंक लॉकर है। सीबीआई की टीम ने बैंक में 45 मिनट तक लॉकर की जांच की। इस दौरान मनीष सिसोदिया और उनकी पत्नी भी बैंक में मौजूद रहीं।

अभी सीबीआई की टीम और मनीष सिसोदिया बैंक के अंदर ही मौजूद हैं। डिप्टी सीएम बनने से पहले मनीष सिसोदिया गाजियाबाद के वसुंधरा में रहते थे।



**मनीष बोले- लॉकर में कुछ भी नहीं मिलेगा**

इससे पहले सोमवार रात मनीष सिसोदिया ने ट्वीट करके कहा, सीबीआई हमारा बैंक लॉकर देखने आ रही है। 19 अगस्त को मेरे घर पर 14 घंटे की रेड में कुछ नहीं मिला था। लॉकर में भी कुछ नहीं मिलेगा। सीबीआई का स्वागत है। जांच में मेरा और मेरे परिवार का पूरा सहयोग रहेगा।"

सिसोदिया इससे पहले भी कह चुके हैं कि एक झूठे मामले में उन्हें आरोपी बनाया गया है, ताकि अरविंद केजरीवाल को आगे बढ़ने से रोका जा सके। सिसोदिया का कहना है कि अरविंद केजरीवाल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर उभरे हैं।

**19 अगस्त को भी घर पर हुई थी छापेमारी**

दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया उन 15 लोगों में शामिल हैं, जिन्हें दिल्ली आबकारी नीति के क्रियान्वयन में हुई अनियमितताओं के आरोप में सीबीआई ने एफआईआर में शामिल किया है। 19 अगस्त को सीबीआई ने इस सिलसिले में सिसोदिया के आवास समेत 31 स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान भी चलाया था। दिल्ली की नई आबकारी नीति में गड़बड़ी का आरोप है। यह भी आरोप है कि इस नीति के जरिए शराब लाइसेंस धारियों को गलत तरीके से लाभ पहुंचाया गया है। लाइसेंस देने में अनदेखी हुई है। टेंडर के बाद शराब ठेकेदारों के 144 करोड़ रुपए माफ करने का आरोप है। रिश्वत के बदले शराब कारोबारियों को लाभ पहुंचाने और कोरोना के बहाने लाइसेंस फीस माफ करने जैसे भी आरोप हैं। इसी सिलसिले में सीबीआई दिल्ली ने पिछले दिनों एक एफआईआर की है, जिस पर जांच जारी है।

## दिल्ली परिवहन निगम ने पेंशन योजना को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम ने बुधवार की अपनी बोर्ड बैठक में डीटीसी के ऐसे कर्मचारियों,पूर्व कर्मचारियों के लिए पेंशन योजना को मंजूरी दे दी है जो अगस्त 1981 से नवंबर 1992 तक रोल पर तो थे लेकिन 1992 की डीटीसी पेंशन योजना का विकल्प नहीं चुना था।एक अन्य निर्णय में डीटीसी बोर्ड ने सभी वर्तमान, सेवानिवृत्त कर्मचारियों (पेंशनभोगियों, गैर-पेंशनभोगियों) के साथ-साथ उनके पात्र आश्रित परिवार के सदस्यों को भी मौजूदा विशेष चिकित्सा योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभों में शामिल करने को भी मंजूरी दी।यह लाभ डीटीसी के मृत नियमित कर्मचारियों के आश्रितों को भी मिल सकेगा।बोर्ड द्वारा अनुमति मिलने के बाद शीघ्र ही इसे अनुमति के लिए कैबिनेट में भेजा जाएगा। डीटीसी पेंशन योजना को केंद्र सरकार के भूतल परिवहन मंत्रालय द्वारा 23 नवंबर 1992 को निगम के कर्मचारियों के लाभ के लिए केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान ही स्वीकृत किया गया था। 1992 में योजना के कार्यान्वयन के दौरान सभी डीटीसी कर्मचारियों को पेंशन योजना से बाहर रहने का विकल्प प्रदान किया गया था।

# आप के इन विधायकों पर दिल्ली के एलजी दर्ज कराएंगे केस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आम आदमी पार्टी के विधायकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी में हैं। राजनिवास के सूत्रों ने बताया कि आप विधायक आतिशी, सौरभ भारद्वाज और दुर्गेश पाठक समेत पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ कानून का सहारा लिया जाएगा।

आम आदमी पार्टी के विधायकों ने उपराज्यपाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। सोमवार और मंगलवार को पार्टी के विधायकों ने इस मुद्दे पर विधानसभा में हंगामा और नारेबाजी की थी। इस दौरान उपराज्यपाल के खिलाफ जांच कराए जाने की मांग की गई थी। आप विधायकों ने आरोप लगाया है कि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने (एलजी ने) कथित तौर पर 1400 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार किया है।

**आरोप झूठे और अवमाननापूर्ण**

राजनिवास के सूत्रों ने बताया कि भ्रष्टाचार के आरोप झूठे, गढ़े हुए और अवमाननापूर्ण हैं। इन आरोपों के खिलाफ उपराज्यपाल ने कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। आप विधायकों के अलावा डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन



ऑफ दिल्ली के उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। उधर, आम आदमी पार्टी ने एक बयान जारी कर कहा कि हर कोई मानता है कि उपराज्यपाल की अध्यक्षता में केवीआईसी में बड़ा मनी लॉन्ड्रिंग घोटाला हुआ था। दो गवाहों ने अपना हस्ताक्षरित बयान दिया है। फिर भी सीबीआई ने उन्हें कभी भी आरोपी नहीं बनाया और जांच के लिए भी एक बार नहीं बुलाया। हमारी मांग है कि इस घोटाले में उनकी भूमिका की जांच हो और जांच होने तक उन्हें एलजी पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। कानून सबके लिए समान रूप से लागू होना चाहिए। राजनिवास के सूत्रों ने बताया कि आठ नवंबर 2016 को भारत सरकार ने एक हजार और पांच सौ रुपये के नोट पर पाबंदी लगाई थी। नौ नवंबर को केवीआईसी की ओर से इस संबंध में सर्कुलर जारी कर दिया गया। बाद में संज्ञान में आया कि खादी ग्रामोद्योग भवन के खाते में अलग-अलग तारीखों में कुछ नोटबंदी वाले नोट जमा किए गए। मुख्य सतर्कता अधिकारी ने जांच की। सीबीआई को भी इसकी जानकारी दी गई और इसी आधार पर दोनों एजेंसियों ने अप्रैल 2017 में औचक जांच-पड़ताल की। प्राथमिक जांच पड़ताल में दोषी पाए जाने पर खादी ग्रामोद्योग भवन के चार अधिकारियों का निलंबन और स्थानांतरण भी किया गया।

**सीबीआई मुख्यालय पर विधायकों ने धरना दिया**

दिल्ली में बुधवार को सदन से सीबीआई मुख्यालय तक विधायकों की खरीद-फरोख्त के ऑफर के आरोप की जांच की जंग जारी रही। आप ने ऑपरेशन लोटस और एलजी पर आरोपों की जांच को लेकर विधानसभा में चौथे दिन भी हंगामा किया। बाद में कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद आप नेता सीबीआई मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने धरना दिया। शाम तीन बजे आप के 10 विधायकों का प्रतिनिधिमंडल सीबीआई निदेशक से मिलने पहुंचा।


## डीयू ने गठित की सात सदस्यीय कमेटी, एक महीने में मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय इसी अकादमिक सत्र से नई शिक्षा नीति लागू कर रहा है। स्नातक पाठ्यक्रमों में पहली बार कटआफ के जगह संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) से दाखिला दिया जाएगा।

बुधवार को सीयूईटी का अंतिम दिन था। अब बहुत जल्द स्नातक में दाखिले की दौड़ शुरू होगी। इस बीच डीयू ने अगले 25 सालों के विकास का खाका तैयार करने के लिए एक कमेटी गठित की है। सात सदस्यीय कमेटी एक महीने के अंदर विस्तृत रिपोर्ट सौंपेगी। रिसर्च काउंसिल की अध्यक्ष प्रो. दमन सलुजा ने को कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। मानविकी और समाजशास्त्र विभाग के रिसर्च डीन प्रो. उज्वल सिंह, डीन प्लानिंग प्रो. निरंजन कुमार, अकादमिक अफेयर के डीन प्रो. रत्नाबाली आदि शामिल है। कमेटी के एक सदस्य ने बताया कि अकादमिक गतिविधियां, शोध, समाज के प्रति डीयू के उत्तरदायित्वों पर मंथन के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी। डीयू ने नई शिक्षा नीति लागू कर दी है। इसके अनुसार पाठ्यक्रम बनाने का सिलसिला जारी है। स्नातक प्रथम सेमेस्टर का सिलेबस तैयार हो गया है। इन पाठ्यक्रमों के अनुसार किस तरह की बुनियादी सुविधाएं चाहिए होंगी। शोध में डीयू की रैंकिंग आगे बढ़ाने के लिए क्या करना होगा आदि पर यह रिपोर्ट विस्तार से बताएगी।

डीयू प्रशासन ने बताया कि कई नए विभाग शुरू करने की योजना है। नई इमारत बनाने व पुरानी इमारतों के मरम्मत के लिए लोन भी लिया जा रहा है। डीयू बड़े पैमाने पर सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू करेगा। आनलाइन पढ़ाई के लिए नया विभाग भी शुरू किया गया है। अब अगामी 25 सालों में डीयू को अकादमिक दृष्टिकोण से और क्या करने की जरूरत होगी, इसे जानना बहुत आवश्यक हो जाता है।

## 5.17 करोड़ रुपये हेराफेरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** ब्रिटानिया कंपनी का 5.17 करोड़ रुपये हेराफेरी करने वाले आरोपित अनिल सेठी को आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है। वह लंबे समय से शिकायतकर्ता कंपनी ब्रिटानिया उद्योगों के साथ कैरीइंग एंड फॉरवर्डिंग एजेंट के रूप में काम किया था। उस दौरान आरोपित ने स्टाक आइटम का गलत इस्तेमाल किया था। डीसीपी जितेंद्र कुमार मीना के मुताबिक अनिल सेठी, राजौरी गार्डन का रहने वाला है।

# 400 करोड़ के लोन घोटाले में लोन माफिया लक्ष्य तंवर और बैंक अधिकारियों की संपत्ति होगी कुर्क

**गाजियाबाद ।** यूपी में 400 करोड़ के लोन घोटाले में लोन माफिया लक्ष्य तंवर की पुलिस साढ़े 12 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की संपत्ति कुर्क कर चुकी है।

अब पुलिस मामले में लिप्त बैंक अधिकारियों की संपत्ति को भी कुर्क करेगी। इसके लिए पुलिस ने बैंक अधिकारियों की नामी-बेनामी संपत्ति की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बैंक अधिकारियों के दूसरे प्रदेशों के रहने वाले होने के कारण पुलिस को संपत्ति तलाशने में परेशानी हो रही है। लेकिन संपत्ति को जल्द कुर्क किया जाएगा।

बता दें कि 400 करोड़ रुपये के लोन घोटाले में लोन माफिया लक्ष्य तंवर समेत उसके सहयोगियों व बैंक अधिकारियों पर 40 एफआइआर दर्ज हो चुकी हैं। इनमें से 15 मामलों में पुलिस चार्जशीट लगा चुकी है। चार्जशीट में लक्ष्य तंवर, उसका पिता अशोक कुमार, साथी वरुण त्यागी, शिवम, पीएनबी के तीन प्रबंधक रामनाथ मिश्रा, प्रियदर्शनी व उत्कर्ष कुमार शामिल हैं। वर्ष 2012 से घोटाले की शुरुआत हुई थी।

इस मामले में पुलिस 11 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें से तीन बैंक अधिकारी भी शामिल हैं। जबकि इस घोटाले में अभी दो बैंक कर्मी समेत छह आरोपित फरार हैं। बाकी 25 मामलों में पुलिस अभी चार्जशीट दाखिल नहीं कर सकी है। इन मामलों में भी पुलिस जल्द शार्जशीट दाखिल करेगी।

पुलिस ने लक्ष्य तंवर व बैंक अधिकारियों समेत 12 आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। आरोपितों ने दूसरों की संपत्तियों के दस्तावेज व फर्जी दस्तावेज तैयार कर 400 करोड़ कीमत के लोन लिए थे। यह काम बैंक अधिकारियों की सांठगांठ से किया गया था।

बैंक अधिकारी घोटाले के दौरान गाजियाबाद में तैनात थे, लेकिन बाद में उनका ट्रांसफर आगरा हो गया था। लक्ष्य ने आगरा में भी फर्जीवाड़ा किया और फर्जी दस्तावेजों पर लोन पास कराए।

# ग्रेटर नोएडा में रोटरी क्लब और RHAM फाउंडेशन ने 100 छात्राओं को बांटे निशुल्क सेनेटरी पैड

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा एफ पॉकेट स्थित फ्रांसिस एंजेल स्कूल में रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड और अन्य क्लबों ने रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में सेनेटरी पैड वितरण के लिए शिविर लगाया। इसमें करीब 100 छात्राओं को निशुल्क सेनेटरी पैड बांटे गए। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव और लॉटस वैली स्कूल की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रो अंजली बावा की देखरेख में महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड बांटने का कार्यक्रम हुआ। इसके साथ ही महिलाओं को सेनेटरी पैड के इस्तेमाल के तौर तरीके भी बताए गए। रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड ने रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में करीब 100 से अधिक महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटकर लाभांवित किया।

**संस्थाओं और क्लबों ने निभाई मुख्य भूमिका**

कार्यक्रम में इंटरेक्ट स्कूल लॉटस वैली इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष कुनिका भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव और गाजियाबाद भार्गव समाज समिति ने मुख्य भूमिका निभाई। रो अंजलि बावा ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लबों के सहयोग से महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटकर लाभान्वित किया जा रहा है। इससे महिलाओं और बेटियों कई किस्म की गंभीर बीमारियों के प्रति भी जागरूकता आ रही है। रो मनीषा भार्गव ने कहा कि निशुल्क सेनेटरी पैड मिलने से छात्राएं जागरूक हो रही हैं। बेटियों को इसका फायदा मिलने से महिला सशक्तिकरण अभियान आगे बढ़ रहा है। वहीं, आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज भार्गव ने कहा कि बेटियों और छात्राओं को सेनेटरी पैड का फायदा मिल रहा है। आगे भी इसी तरह से महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाते हुए जरूरतमंद की हर संभव मदद की जाएगी। फ्रॉसिंस एंजेल स्कूल के प्रिंसिपल ने छात्रों को निशुल्क सेनेटरी पैड बांटने पर रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन का आभार जताया। इस मौके पर रोटरी क्लब दिल्ली ईस्ट एंड के अध्यक्ष रो अशोक शर्मा, रो दयानंद शर्मा, रो यतेंद्र कालरा, रो अनिल छाबड़ा आदि मौजूद रहे।







### दिल्ली-एनसीआर की महिलाओं को मिल रहा फायदा

सेनेटरी पैड बैंक की पांच शाखाएं ईस्ट दिल्ली, हापुड़, गाजियाबाद, पिलखुवा और ग्रेटर नोएडा में काम कर रही हैं। दिल्ली-एनसीआर के साथ हरियाणा के विभिन्न जिलों भी महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं को सेनेटरी पैड के इस्तेमाल के तौर तरीके भी बताएं जाते हैं।

# RHAM फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेश मिशन और 20 रोटरी क्लबों ने 360 छात्राओं और गरीब बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री





डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रो ललित खन्ना ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन ने बहुत बड़े स्तर पर शिविर लगाकर सरकारी स्कूल की छात्राओं और अन्य गरीब बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी है। दोनों संस्थाएं बच्चों को एजुकेशन से जोड़ने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही हैं।

रो जेके गौड ने कहा कि रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन समाज व राष्ट्र के लिए समर्पित भावना से काम कर रहे हैं। इनके कार्य हर मंच से सराहनीय हैं। स्कूल की प्रिंसिपल सुदेश देवी ने भी बच्चों की मदद के लिए इस अभियान को बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब ने बच्चों की मदद के लिए कैंप लगाए हैं। कार्यक्रम में रो अमिता महेंद्रु, रो सुमन अग्रवाल, रो विनीत अग्रवाल, रो निधि बंसल, रो कविता गर्ग, रो अभिषेक गर्ग, रो अप्रूर्व गोया, रो ज्योति रसावत, रो प्रभा शर्मा, रो बबीता गर्ग, रो विशाल गर्ग, रो रेनू त्यागी, रो यशि बाला, रो राहुल त्यागी, रो सीए अमन अग्रवाल, रो कुनिका भार्गव, रो निखिल मित्तल, रो नीलम शर्मा, रो पारित अग्रवाल, रो संदीप गोयल, रो निकिता, प्रिंसिपल सुदेश देवी, प्रिंसिपल मंजू रावत, रेनू राजपूत के साथ स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।



सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली बेटियों को पाठय व खादय सामग्री बांटी गई है। इसके अलावा गरीब बच्चों को भी निशुल्क पाठ्य सामग्री देकर लाभांवित किया गया। आगे भी जरूरतमंद बच्चों की पूरी मदद की जाएगी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।

*-रो कुनिका भार्गव, अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन*



दोनों स्कूल में छात्राओं की मदद के लिए समय-समय पर आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब की ओर से अभियान चलाएं जाते हैं। बेटियों को इनका फायदा मिल रहा है। सरकारी स्कूल में बेटियों की मदद करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब का मैं दिल से आभार व्यक्त करती हूं।

*- सुदेश देवी, प्रिंसिपल कम्बाइंड स्कूल साहिबाबाद*




आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब सरकारी स्कूल में महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली संस्था है। खाद्य व पाठय सामग्री, सेनेटरी पैड और एनीमिया जांच के लिए कैंप लगाकर ये संस्थाएं लंबे समय से बेटियों के उत्थान के लिए काम कर रही हैं।

*-मंजू रावत, प्रिंसिपल*




आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब गैलोर और सेफरोन के साथ मिलकर राष्ट्रहित में काम कर रहे हैं। अभियान चलाकर बूस्टर डोज, बच्चों को पाठ्य सामग्री और महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटकर लाभांवित किया जा रहा है। आगे भी इसी तरह के कार्य कराएं जाएंगे।

*-रो मनीषा भार्गव, अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर*



गरीब बच्चों और महिला सशक्तिकरण के अभियान में रोटरी की तरफ से आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन की पूरी मदद की जाएगी। आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब के संयुक्त अभियान का जमीनी स्तर पर लोगों को फायदा मिल रहा है।

*-रो अमिता महेंद्रु*



आरएचएएम फाउंडेशन का 20 रोटरी क्लबों के साथ मिलकर पाठ्य सामग्री औश्र खाद्य सामग्री बांटने का अभियान सफल रहा है। रोटरी क्लबों की मदद से बूस्टर डोज अभियान, सेनेटरी पैड और अन्य गरीब तबके की मदद के लिए कई अभियान चल रहे हैं। जमीनी स्तर पर लोगों को इसका फायदा मिल रहा है।

*-डॉ धीरज कुमार भार्गव, फाउंडर आरएचएएम फाउंडेशन*

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. Editor: Dheeraj Kumar, Resident Editor: Manisha Bhargava** Email: editor@tbam.co.in (RNI. No): UPBIL/2009/28691 Postal Registration No. UP/GBD80/2016- 18. Advertisement : Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, Fax : 0120-4561000 at Plot No 516, Sector 12: Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.